web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

Govt. Registered Social Justice Union

# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, सोमवार 04 नवंबर 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-07, अंक- 36

## श्रीनगर के ग्रेनेड हमले में 12 से अधिक दुकानदार घायल, सीएम उमर अब्दुल्ला ने की निंदा

**श्रीनगर** । आरएनएस

श्रीनगर में रविवार दोपहर आतंकवादियों ने सीआरपीएफ के एक वाहन पर ग्रेनेड फेंका, लेकिन निशाना चूक गया और ग्रेनेड सडक़ पर फट गया। इस हमले में करीब 12 से अधिक पैदल यात्री और दुकानदार घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि अज्ञात आतंकवादियों ने श्रीनगर शहर में टूरिस्ट रिसेप्शन सेंटर (टीआरसी) क्रॉसिंग के पास सीआरपीएफ के मोबाइल बंकर वाहन पर ग्रेनेड फेंका।



एक अधिकारी ने बताया, ग्रेनेड का निशाना चूक गया और वह सडक़ पर फट गया, इससे 12 से अधिक नागरिक घायल हो गए। घायलों को अस्पताल ले जाया गया है और तलाशी के लिए इलाके की घेराबंदी कर दी गई है। वरिष्ठ पुलिस और सीआरपीएफ अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं।

बता दें कि जिस जगह ग्रेनेड फटा, वहां संडे मार्केट (गर्म कपड़े, कंबल, जैकेट, बर्तन, क्रॉकरी, जूते आदि बेचने वाले फेरीवाले) के कारण खरीदारी करने वालों की भीड़ लगी रहती है। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने इस हमले की निंदा की है।

उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, पिछले कुछ दिनों में घाटी हमलों और मुठभेड़ों की सुर्खियों में हैं। श्रीनगर के संडे मार्केट में निर्दोष दुकानदारों पर ग्रेनेड हमले की खबर बेहद परेशान करने वाली है। निर्दोष नागरिकों को निशाना बनाने का कोई औचित्य नहीं हो सकता। सुरक्षा तंत्र को जल्द से जल्द हमलों की इस लहर को रोकने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए, ताकि लोग बिना किसी डर के अपना जीवन जी सकें।

बता दें कि ग्रेनेड हमले के एक दिन पहले श्रीनगर के खानयार इलाके में भीषण गोलीबारी में पाकिस्तानी लश्कर-ए-तैयबा के टॉप कमांडर उस्मान भाई उर्फ छोटा वलीद की मौत हो गई थी और चार सुरक्षाकर्मी घायल हो गए थे।

पिछले महीने, आतंकवादियों ने गांदरबल जिले के गगनगीर इलाके में एक श्रमिक शिविर पर हमला करके छह बाहरी श्रमिकों और एक स्थानीय डॉक्टर की हत्या कर दी थी।

25 अक्टूबर को, आतंकवादियों ने बारामूला जिले के गुलमर्ग स्की रिसोर्ट के बोटा पाथरी इलाके में सेना के तीन जवानों और दो नागरिक कुलियों की हत्या कर दी थी। 1 नवंबर को आतंकवादियों ने बडगाम जिले के मागम इलाके के मजहामा गांव में दो गैर स्थानीय लोगों पर गोलीबारी की थी।

लगातार हो रहे आतंकी हमले को लेकर नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. फारूक अब्दुल्ला ने आरोप लगाया है कि ये हमले उमर अब्दुल्ला के नेतृत्व वाली राजनीतिक सरकार को अस्थिर करने के लिए किए जा रहे हैं। उन्होंने इन हमलों के लिए कौन सी एजेंसी जिम्मेदार है, इसका पता लगाने के लिए स्वतंत्र जांच की मांग की है।

## भारत ने चीन सीमा पर मजबूत की पकड़, बनाई देश की सबसे ऊंची हवाई पट्टी

**नई दिल्ली** । आरएनएस



भारत ने चीन सीमा पर अपनी सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करते हुए लद्दाख में देश की सबसे ऊंची हवाई पट्टी का निर्माण किया है। यह एयरफील्ड पूर्वी लद्दाख के मुढ़-न्योमा क्षेत्र में स्थित है और यह चीन की सीमा के काफी करीब है। इस नए एयरफील्ड के बनने से भारतीय सेना को सीमा पर तेजी से मूवमेंट करने में आसानी होगी और साथ ही यह क्षेत्र में भारत की रणनीतिक स्थिति को भी मजबूत करेगा। यह एयरफील्ड करीब 13,700 फीट की ऊंचाई पर स्थित है और इसमें तीन किलोमीटर लंबा रनवे है।

यह एयरफील्ड चार साल पहले गलवान घाटी में भारत और चीन के बीच हुए तनाव के बाद से भारतीय सेना की प्राथमिकता रही है। इस तनाव के बाद से भारत ने लद्दाख में बुनियादी ढांचे के विकास पर विशेष ध्यान दिया है। न्योमा एयरफील्ड इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह एयरफील्ड भारतीय सेना को सीमा पर तेजी से सैनिक और हथियारों को तैनात करने में मदद करेगा। इससे भारतीय वायु सेना दूरदराज और पहाड़ी इलाकों में आसानी से पहुंच सकती है। यह एयरफील्ड किसी भी आपातकालीन स्थिति में भारतीय सेना के लिए एक महत्वपूर्ण आधार होगा।

इस परियोजना के पूरा होने से यह साबित होता है कि भारत अपनी सीमाओं की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और वह किसी भी चुनौती का सामना करने के लिए तैयार है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### छठ से पहले बड़ा हादसा, गंगा नदी में पलटी नाव; कई लोगों की मौत की खबर

**कटिहार (आरएनएस)।** बिहार के कटिहार में छठ पूजा से पहले रविवार को एक हादसा हो गया। यहां मनिहारी प्रखंड के केवला घाट के पास एक नाव पलट गई। इस हादसे में कई लोगों की मौत की खबर है, जबकि सात किसान लापता बताए जा रहे हैं। कटिहार के केवाला घाट में कुछ किसान रविवार सुबह नाव में सवार होकर हटकोला के दियारा में खेती करने जा रहे थे। इसी दौरान उनकी नाव अचानक नदी में पलट गई। सूत्रों के मुताबिक, नाव में 11 किसान सवार थे, इनमें से सात किसान लापता बताए जा रहे हैं। इसके अलावा इस हादसे में कई लोगों की मौत हो गई।वहीं, घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंच गई है। फिलहाल लापता लोगों की तलाश जारी है। हालांकि, प्रशासन की ओर से अभी तक मृतकों की संख्या नहीं बताई गई है। इससे पहले सितंबर में बिहार के औरंगाबाद जिले में एक हादसा हुआ था। यहां जितिया पर्व पर दो अलग-अलग घटनाओं में तालाब में डूबने से 8 बच्चों की मौत हो गई थी। मृतकों में सात लड़कियां थी, जिनकी उम्र 9 से 13 वर्ष के बीच थी।

### हत्या के प्रयास, दंगा करने के आरोप में एक गिरफ्तार

**फगवाड़ा (आरएनएस)।** पंजाब में नकोदर शहर पुलिस ने हत्या का प्रयास, खतरनाक हथियारों से जानबूझकर चोट पहुंचाने और दंगा करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। जांच अधिकारी कुलविन्द्र सिंह ने शनिवार को बताया कि आरोपी की पहचान गांव शंकर निवासी करण के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि ऋषि नगर निवासी अमन सोंधी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि आरोपियों ने पिछले साल 10 सितंबर को रॉयल टावर्स मार्केट स्थित एक दुकान में उस पर जानलेवा हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया था। जांच अधिकारी ने बताया कि आरोपियों और 12 अन्य के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 307 (हत्या का प्रयास), 324 (खतरनाक हथियारों से जानबूझकर चोट पहुंचाना), 506 (आपराधिक धमकी), 148 और 149 (दंगा करना) तथा शस्त्र अधिनियम की धारा 25 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### पाकिस्तान में अक्टूबर में आतंकवादी हमलों में 198 की मौत, 111 घायल

**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान में अलग-अलग आतंकवादी हमलों में अक्टूबर महीने में कुल 198 लोग मारे गए और 111 अन्य घायल हुये हैं। इस्लामाबाद स्थित थिंक टैंक पाकिस्तान इंस्टीट्यूट फॉर कॉन्फ्लिक्ट एंड सिक्योरिटी स्टडीज (पीआईसीएसएस) ने शनिवार को यह जानकारी दी। पीआईसीएसएस के मुताबिक अक्टूबर में आतंकवादी हमलों की कुल संख्या में मामूली कमी के बावजूद यह महीना साल का दूसरा सबसे घातक महीना बनकर उभरा। अगस्त में आतंकवादी घटनाओं में 254 लोग मारे गए थे और 150 अन्य घायल हुए थे। थिंक टैंक ने कहा कि पिछले महीने आतंकवादियों और सुरक्षा बलों की सबसे अधिक मौतें भी दर्ज की गईं, जिसमें लड़ाकों की हिस्सेदारी कुल मौतों में से 81 प्रतिशत थी। पीआईसीएसएस के आंकड़ों से पता चलता है कि अक्टूबर में 68 घटनाओं के साथ आतंकवादी हमलों में 12 प्रतिशत की कमी आई है, लेकिन सितंबर की तुलना में कुल मौतों की संख्या में 77 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

## महाराष्ट्र : नंदुरबार में तेज रफ्तार कार ने तीन बाइक सवारों को टक्कर मारी, पांच लोगों की मौत

**नंदुरबार** । आरएनएस



महाराष्ट्र के नंदुरबार तहसील के पिंपलोद गांव के पास तेज रफ्तार बोलेरो कार ने सडक़ किनारे खड़े तीन बाइक सवारों टक्कर मार दी। इस हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई और एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, आशंका जताई जा रही है कि कार चालक को नींद आ गई होगी, गाड़ी का ब्रेक फेल हुआ होगा या फिर ड्राइवर नशे में होगा, तभी वाहन के अनियंत्रित हो जाने के कारण ये हादसा हो गया। फिलहाल, पुलिस मामले की जांच कर रही है। यह हादसा 2 नवंबर को रात करीब 8 बजे हुआ। जानकारी के अनुसार, कार चालक को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।

बताया जा रहा है कि नंदुरबार से धनोरा रोड पर पिंपलोद गांव से एक किमी दूर एक बाइक खराब हो गई थी। अंधेरा होने की वजह से बाइक सवार की सहायता के लिए दो और बाइकें मौके पर रुक गईं।

इसी बीच नंदुरबार से धनोरा की ओर तेज रफ्तार से आ रही बोलेरो ने रोड के किनारे बाइक के साथ लोगों को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल हुए एक व्यक्ति को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

टक्कर इतनी जोरदार थी कि तीनों बाइकें पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गईं। जबकि कार पलट गई। हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। एक साथ पांच लोगों की मौत से तालुक में मातम फैल गया है।

## योगी आदित्यनाथ को जान से मारने की धमकी देने वाली मुंबई की महिला फातिमा गिरफ्तार

**मुंबई** । आरएनएस

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को रविवार सुबह जान से मारने की धमकी देने के मामले में एटीएस ने के ठाणे के उल्हासनगर में एक फातिमा नाम की महिला को पकड़ कर मुंबई लाई है। महिला का मानसिक हालत ठीक नहीं बताई जा रही है। इसलिए उसे गिरफ्तार नहीं किया गया है। पुलिस उसकी मानसिक जांच कराएगी। पुलिस ने उसे पकडऩे के बाद नोटिस दिया गया है। महिला की उम्र 24 साल है। महिला ने मुंबई पुलिस को दी धमकी में कहा था कि अगर योगी आदित्यनाथ ने 10 दिन में इस्तीफा नहीं दिया तो हम उन्हें बाबा सिद्दीकी की तरह मार डालेंगे।



बताया जा रहा है कि फातिमा महाराष्ट्र के ठाणे के उल्हासनगर की रहने वाली है। उसके पिता का लकड़ी के कारोबारी हैं। पुलिस के मुताबिक फातिमा पढ़ी-लिखी है, लेकिन मानसिक रूप से ठीक नहीं है। उसने सीएम योगी को जान से मारने की धमकी क्यों दी, अभी तक इसकी जानकारी नहीं हो पाई है।

बता दें कि रविवार सुबह उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को देश की आर्थिक राजधानी मुंबई से जान से मारने की धमकी मिली थी। मुंबई पुलिस के ट्रैफिक कंट्रोल नंबर पर यह संदेश आया था। जिसमें लिखा है, अगर योगी आदित्यनाथ ने 10 दिन में इस्तीफा नहीं दिया, तो हम उन्हें बाबा सिद्दीकी की तरह मार डालेंगे।

बताया जा रहा है कि किसी अज्ञात ने मुंबई पुलिस कंट्रोल को मैसेज कर सीएम योगी को जान से मारने की धमकी दी। मुंबई पुलिस ने इस धमकी की जानकारी यूपी पुलिस को दी। इसके बाद पुलिस ने इस मामले पर तत्परता दिखाते हुए तुरंत जांच शुरू कर दी है।

पुलिस मामले की गंभीरता को देखते हुए कई ऐंगल पर एक साथ जांच कर रही है। साथ ही जरूरत पडऩे पर मुंबई पुलिस से भी सहायता ली जाएगी।

पहली बार नहीं है जब सीएम योगी को धमकी दी गई है। पिछले साल दिसंबर में और फिर मार्च 2024 में भी जान से मारने की धमकी दी गई थी। इसी साल मार्च में लखनऊ के महानगर स्थित नियंत्रण कक्ष में फोन कर सीएम योगी आदित्यनाथ को धमकी दी गई थी। पुलिस ने बताया था कि रात करीब 10 बजे एक नंबर से कॉल आई थी। कथित तौर पर एक युवक ने फोन कर सीएम योगी आदित्यनाथ को बम से उड़ाने की बात कही थी।

वहीं दिसंबर 2023 में सीएम योगी, राम मंदिर और यूपी एसटीएफ चीफ को भी बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। बताया गया था कि एक मेल कर योगी आदित्यनाथ, तत्कालीन एसटीएफ चीफ को बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। इस मामले के आरोपी जुबैर खान को बाद में गिरफ्तार कर लिया गया था।

## देश में हर हाल में लागू होगी यूसीसी, आदिवासी इसके दायरे से रहेंगे बाहर : अमित शाह

**रांची** । आरएनएस

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को रांची में कहा कि पूरे देश में यूसीसी (समान नागरिक संहिता) हर हाल में लागू होगी, लेकिन आदिवासियों को इसके दायरे से बाहर रखा जाएगा।



अमित शाह ने राज्य की हेमंत सोरेन सरकार पर केंद्र की सरकार की योजनाओं को लटकाने और राज्य में पूर्व की भाजपा सरकार द्वारा शुरू की गई कल्याणकारी योजनाओं को बंद करने का आरोप लगाया।

झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा का संकल्प पत्र जारी करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, झारखंड का ये चुनाव न केवल सरकार बदलने का चुनाव है, बल्कि झारखंड का भविष्य सुरक्षित करने का चुनाव है। झारखंड की महान जनता को तय करना है कि भ्रष्टाचार में डूबी हुई सरकार चाहिए या विकास के रास्ते पर चलती हुई पीएम मोदी के नेतृत्व वाली बीजेपी सरकार चाहिए। घुसपैठ कराकर झारखंड की अस्मिता को खतरे में डालने वाली सरकार चाहिए या परिंदा भी पर न मार सके ऐसी सरहद की सुरक्षा करने वाली बीजेपी सरकार चाहिए।

उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार घुसपैठियों को संरक्षण दे रही है। घुसपैठियों को नहीं रोका गया तो राज्य की संस्कृति, रोजगार और अस्मिता पर गंभीर संकट खड़ा हो जाएगा। केंद्र सरकार राज्य में एक-एक बांग्लादेशी घुसपैठिए की पहचान कर उन्हें डिपोर्ट करेगी। हेमंत सोरेन को घुसपैठियों में अपना वोट बैंक दिखाई देता है। घुसपैठियों की वजह से आदिवासियों की संख्या घट रही है, डेमोग्राफी बदल रही है और हेमंत सोरेन की सरकार अपनी धुन में मस्त है। मैं आपसे वादा करता हूं कि बीजेपी सरकार आएगी, तो घुसपैठियों को झारखंड से बाहर निकालेगी।

अमित शाह ने कहा, असम में बीजेपी सरकार आई और आज असम में घुसपैठ बंद हो गई है। हम रोटी, बेटी और माटी तीनों का संरक्षण करेंगे। शाह ने कहा कि झारखंड अलग राज्य अटल बिहारी वाजपेयी ने बनाया था और इसे संवारने का काम नरेंद्र मोदी की नेतृत्व वाली सरकार ने किया, लेकिन पांच साल पहले जब हेमंत सोरेन की सरकार आई तो उसने डबल इंजन सरकार के वक्त शुरू हुई तमाम विकास योजनाओं को ठप कर दिया।

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की ओर से केंद्र के पास एक लाख 36 हजार करोड़ रुपए बकाया के भुगतान का मुद्दा उठाने पर अमित शाह ने कहा कि हेमंत सोरेन बचकानी बात कर रहे हैं। केंद्र सरकार ने इस राज्य को साढ़े चार लाख करोड़ रुपए दिए, लेकिन वह इनका उपयोग नहीं कर पाए। उन्होंने हेमंत सोरेन सरकार पर युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ का आरोप लगाते हुए कहा, आपने कहा था कि युवाओं को नौकरी देंगे, लेकिन आपने क्या किया, आपके पास जवाब नहीं है। इस सरकार में पेपर लीक सबसे ज्यादा हुए हैं। अगर पेपर लीक हमारी सरकार में हुआ तो उल्टा लटका कर इन माफियाओं को सीधा करेंगे।

अमित शाह ने कांग्रेस को पिछड़ा विरोधी बताते हुए कहा कि इनकी सरकारों ने कभी इस वर्ग को उसके वाजिब अधिकार नहीं दिए। जबकि भारतीय जनता पार्टी ने पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक मान्यता दी और 27 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित किया।

## एसी में शॉर्ट सर्किट से आग लगने से जिंदा जल गए मां और दो बच्चे

**भीनमाल, जालोर** । आरएनएस

एक दिल दहला देने वाला हादसा हुआ है, जहां एयर कंडिशनर में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लगने से एक मां और उसके दो छोटे बच्चे जिंदा जल गए। यह त्रासदी तब घटी जब तीनों लोग घर की छत पर बने कमरे में सो रहे थे। घटना के समय महिला के पति और परिवार के अन्य सदस्य सिरोही जिले में अपने रिश्तेदारों के पास गए हुए थे। आग रविवार दोपहर करीब 12:45 बजे चेतन कुमार के मकान में लगी। पुलिस ने बताया कि इस हादसे में 35 वर्षीय कविता, उसका 10 वर्षीय बेटा ध्रुव और 5 वर्षीय बेटी गौरवी की जान चली गई। हादसे की जानकारी मिलने पर पड़ोसियों ने देखा कि कमरे से काला धुआं उठ रहा है, लेकिन दरवाजा अंदर से बंद था।

पड़ोसियों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और दरवाजा तोडक़र अंदर घुसी, लेकिन वहां का दृश्य हृदय विदारक था। तीनों का शरीर आग में जल चुका था।

प्रत्यक्षदर्शी कपूर मोदी ने बताया कि जब उन्होंने धुआं देखा, तो पड़ोसियों को इस बारे में बताया। खिड़कियों से काला धुआं निकलते देख उन्होंने पुलिस को फोन किया। थोड़ी ही देर में पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दरवाजा तोडक़र भीतर जाकर देखा, जहां इस दर्दनाक हादसे का सामना करना पड़ा।

## शॉर्ट सर्किट से लगी आग में जलकर खाक हुआ 40 साल पुराना शोरूम, करोड़ों का नुकसान

**भरतपुर** । आरएनएस



कोतवाली थाना क्षेत्र के रेलवे स्टेशन बजरिया कॉलोनी में एक कपड़े के दो मंजिला शोरूम में शॉर्ट सर्किट से भीषण आग लग गई, जिससे शोरूम में रखा सारा माल जलकर स्वाह हो गया। घटना की सूचना मिलने पर एक दर्जन से अधिक दमकल गाडिय़ों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया। पुलिस भी तुरंत मौके पर पहुंची, लेकिन आग इतनी तेज थी कि शोरूम का सारा सामान राख में तब्दील हो गया। शोरूम मालिक रवि कुमार गोयल को करोड़ों रुपये के नुकसान ने गहरे सदमे में डाल दिया है। उनके परिजनों का कहना है कि शोरूम 40 साल पुराना था, जिसे उनके परिवार ने बड़ी मेहनत से खड़ा किया था। घटना के वक्त सभी परिवारजन गोवर्धन पूजा के बाद शोरूम के ऊपर बने मकान में सो रहे थे। रात के करीब 1 बजे धुआं और बदबू महसूस हुई, जिसके बाद बाहर निकलकर देखा तो शोरूम में आग लगी हुई थी।

कोतवाली थाना पुलिस और आसपास की नगर पालिकाओं की 15 दमकल गाडिय़ों ने करीब 6 घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि, आग बुझने के बाद भी शोरूम के अंदर से धुआं उठता रहा और दमकलकर्मी अभी भी आग के अवशेषों को पूरी तरह ठंडा करने में जुटे हुए हैं। शोरूम मालिक के अनुसार इस हादसे में लगभग 2 से 3 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है।

## श्री केदारनाथ धाम के कपाट शीतकाल के लिए बंद, 15 हजार से अधिक श्रद्धालु बने साक्षी

**श्री केदारनाथ धाम** । आरएनएस

विश्व प्रसिद्ध ग्यारहवें ज्योर्तिलिंग श्री केदारनाथ धाम के कपाट रविवार को भैया दूज के पावन पर्व पर प्रात: 08:30 बजे शीतकाल के लिए बंद हो गए।




ऊं नम् शिवाय, जय बाबा केदार के जय घोष तथा भारतीय सेना के बैंड की भक्तिमय धुनों के बीच वैदिक विधि-विधान और धार्मिक परंपराओं के साथ कपाट बंद किए गए। श्री बदरीनाथ- केदारनाथ मंदिर समिति (बीकेटीसी) अध्यक्ष अजेंद्र अजय समेत 15 हजार से अधिक श्रद्धालु कपाट बंद होने के साक्षी बने। मंदिर को दीपावली के दिन से ही भव्य रूप से फूलों से सजाया गया था ।

श्री अजय की उपस्थिति में रविवार प्रात: पांच बजे कपाट बंद करने की प्रक्रिया शुरू हुई। बीकेटीसी के आचार्य, वेदपाठियों, पुजारीगणों ने भगवान केदारनाथ के स्वयंभू शिवलिंग की समाधि पूजा की। स्वयंभू शिवलिंग को भस्म, स्थानीय पुष्पों बेल पत्र आदि से समाधि रूप दिया गया। प्रात: 08:30 बजे बाबा केदार की पंचमुखी उत्सव डोली को मंदिर से बाहर लाया गया इसके बाद श्री केदारनाथ मंदिर के कपाट बंद कर दिए गए।

कपाट बंद होने के साथ ही बाबा केदार की पंचमुखी उत्सव डोली ने अपने पहले पड़ाव रामपुर के लिए प्रस्थान किया। हजारों श्रद्धालु बाबा की पंचमुखी डोली के साथ पैदल ही रवाना हुए। श्रद्धालुओं के लिए जगह – जगह भंडारे आयोजित किये गये थे। आज केदारनाथ में मौसम साफ रहा। आस-पास बर्फ होने से सर्द बयारें भी चलती रही लेकिन श्रद्धालुओं में भारी उत्साह रहा।

कपाट बंद होने के अवसर पर श्री अजय ने कहा कि इस यात्राकाल में रिकार्ड साढ़े 16 लाख से अधिक तीर्थ यात्री श्री केदारनाथ धाम पहुंचे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन से आज भव्य और दिव्य केदारपुरी का पुनर्निर्माण हो रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिह धामी के मार्गदर्शन में केदारनाथ धाम यात्रा का सफल संचालन हुआ। उन्होंने सफल यात्रा संचालन के लिए बीकेटीसी के कार्मिकों, पुलिस – प्रशासन, यात्रा व्यवस्था से जुड़े विभिन्न विभागों, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ),भारत-तिब्बत सीमा पुलिस ( आईटीबीपी) आदि का आभार जताया।

उल्लेखनीय है श्री बदरीनाथ धाम के कपाट इस यात्रा वर्ष 17 नवंबर को बंद हो रहे है।श्री गंगोत्री धाम के कपाट बीते शनिवार 02 नवंबर को शीतकाल हेतु बंद हो गये है।

वहीं, पवित्र गुरुद्वारा हेमकुंट साहिब तथा लोकपाल लक्ष्मण मंदिर के कपाट बीते 10 अक्टूबर को बंद हो गये। द्वितीय केदार मद्महेश्वर जी के कपाट 20 नवंबर को बंद हो रहे है तथा तृतीय केदार तुंगनाथ जी के कपाट कल सोमवार 04 नवंबर को बंद हो रहे है, जबकि चतुर्थ केदार रूद्रनाथ जी के कपाट 17 अक्टूबर को बंद हुए।